**Department of Mathematics and Statistics**
**डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)**
**DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)**
**(केन्द्रीय विश्वविद्यालय, A CENTRAL UNIVERSITY )**

प्रो. दिवाकर शुक्ला
विभागाध्यक्ष
(Prof. Diwakar Shukla)

HEAD

Email: hodmathematics@dhsgsu.edu.in
दूरभाष क. : (07582)–297126


---

No. Maths. & Stats./2022-23/2643 Dated 04.07.2023

## प्रकाशन हेतु सूचना

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग में दिनांक 26.05.2023 को विश्वविद्यालय के गणित विषय से सम्बन्धित स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए कैरियर मार्गदर्शन हेतु एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन हुआ। यह आयोजन भारतवर्ष की G 20 प्रेसीडेन्सी एवं युनिवर्सिटी कनेक्ट तथा G 20 जनभागीदारी प्रोग्रामों की छत्रछाया में सम्पन्न हुआ। इस कार्यकम में प्रख्यात डाटा विष्लेशक डॉ. हरी शंकर गुप्ता ने गणित एवं सांख्यिकी विषय के विद्यार्थियों हेतु भविष्य में प्राइवेट सेक्टर में उपलब्ध रोजगारों को प्राप्त करने हेतु निर्धारित दक्षता पर अपने विभिन्न विचार रखे। आपने बताया कि यदि गणित के विद्यार्थी पाइथन प्रोग्रामिंग तथा आर प्रोग्रामिंग में दक्षता हासिल कर ले तथा एस.पी.एस.एस. सोफ्टवेयर पर भी काम कर विष्लेशण एवं निष्कर्षता की क्षमता हासिल कर ले तब बैंगलोर, मुम्बई एवं दिल्ली में अनेक नौकरियां के अवसर उपलब्ध है। आपने बताया कि शुद्ध गणित मानसिक क्षमताओं एवं तार्किक क्षमता को विकसित तो करती है परन्तु वर्तमान में मार्केट में डाटा विष्लेशक की आवश्यकता है जो कि कम्प्यूटर एवं सांख्यिकी ज्ञान पर आधारित है। डाटा वर्तमान में बिग–डाट हो गया है तथा अब नयी विष्लेषण विधियों की आवश्यकता है। विद्यार्थियों ने डॉ. हरी शंकर गुप्ता से अनेक प्रश्न पूछे जिसका उन्होंने स्पष्टीकरण दिया। गहन चर्चा के दौरान यह भी तथ्य सामने आया कि वर्तमान के गणित पाठ्यक्रम में पाइथन प्रोग्रामिंग, आर प्रोग्रामिंग एवं कुछ कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग के पेपरों को जोड़ने से विद्यार्थियों में बेहतर रोजगार मूलक कौशल विकसित होगा। विभागाध्यक्ष डॉ. दिवाकर शुक्ला ने नयी डाटा विधियों पर प्रकाश डाला एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यकम में डॉ. यू.के. खेडलेकर, डॉ. त्रिलोकी नाथ, डॉ. आर.के. पाण्डेय, डॉ. कविता श्रीवास्तव, डॉ. भूपेन्द्र, डॉ. के.एस. माथुर एवं 50 से अधिक विद्यार्थियों ने ऑफलाइन एवं ऑनलाइन के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। व्याख्यान उपरान्त विद्यार्थियों में हर्ष एवं उत्साह दिखायी दिया। कार्यकम उपरान्त G 20 बैनर के तले विद्यार्थियों ने भारतवर्ष की G 20 प्रेसीडेन्सी के प्रचार–प्रसार हेतु परिसर में एक पदयात्रा भी निकाली।

DShukla
4/7/23

(आचार्य एवं अध्यक्ष)
गणित एवं सांख्यिकी विभाग
समन्वयक, G20 कनेक्ट कार्यकम

अध्यक्ष / HEAD
गणित एवं सांख्यिकी विभाग
Department of Mathematics and Statistics
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर म.प्र.
Dr. H.S. Gour Vishwavidyalaya, Sagar ,M.P.